an>

Title: Regarding payment of compensation to farmers in Rampur district of Uttar Pradesh.

डॉ. नैपाल सिंह (रामपुर) : महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र रामपुर में पिछड़ा किसान कई मुसीबतों का सामना कर रहा है और अपने परिवार का कैसे पालन करे, यह स्थिति उसक सामने है। इसके लिए प्रदेश सरकार पूर्ण रूप से उत्तरदायी है। जैसा कि मेरे संज्ञान में आया है जो पिछले समय की बारिश और ओलावृÂि◌ट से किसानों की फसल का नुकसान हुआ था उसकी तहसील-वाइज सूचना देने के बाद किसानों को पचास प्रतिशत मुआवजा वितरित हुआ है। मुआवजे का भी प्रदेश सरकार के कारण राजनीतिकरण हो रहा है, जिससे किसान बहुत आक्रोशित है। अभी तक गन्ना किसानों को गन्ने की फसल का मूल्य नहीं मिला है। किसान मिल मालिकों से जब गन्ना मूल्य लेने जाते हैं तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। किसानों का भुगतान न होने के कारण प्रदेश सरकार पूर्ण रूप से जिम्मेदार है, जो कि चीनी मिलों पर कठोर कार्रवाई नहीं कर पा रही है। मेरा सदन के माध्यम से आपसे अनुरोध है कि सरकार किसानों को मुआवजा दिलाए और गन्ने का भुगतान कराए।

माननीय अध्यक्ष: श्री भैरों प्रसाद मिश्र को डॉ. नैपाल सिंह द्वारा उठाए गए विÂ◌ाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।